आकाशवाणी चंडीगढ़

25 जुलाई 2025, समय 1810

मुख्य समाचार :

1. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन- डीआरडीओ ने ड्रोन संचालित गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

2. सरकार ने अश्लील और अशालीन सामग्री दिखाने वाले 25 ओटीटी वेबसाइट और एप्स को बंद करने का निर्देश दिया।

3. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिको ने नौ सौ से जयादा गांवों में जाकर मिटटी की परख की।

4. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित अन्तर्राजिय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस आयोजन से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बल मिला।

5. जींद मेडिकल कॉलेज में अगले महीने की 26 तारिख से ओपीडी सेवाएं आरम्भ होंगी

6. सामान्य पात्रता परीक्षा सीईटी के लिए व्यापक प्रबंध किए गए

****

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन- डीआरडीओ ने ड्रोन संचालित गाइडेड मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुरनूल में परीक्षण रेंज से किया गया।

उन्होंने कहा कि इससे भारत की रक्षा क्षमता बढेगी। रक्षा मंत्री ने ने बताया कि इस मिसाइल प्रणाली का विकास रक्षा पूंजी खरीद भागीदारों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स सहित उद्योग भागीदारों के सहयोग से किया गया है।

****

सरकार ने अश्लील और अशालीन सामग्री दिखाने वाले 25 ओटीटी वेबसाइट और एप्स को बंद करने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि इन प्लेटफॉर्म से दिखाई जा रही कुछ सामग्री गंभीर रूप से अश्लील और अनुचित है।

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इंटरनेट सेवा प्रदाताओं को भी निर्देश दिया है कि वो प्रतिबंधित सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में 25 वेबसाइटों को भारत में सार्वजनिक पहुंच से वंचित करें

****

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पहली बार दो हजार से अधिक वैज्ञानिकों के एक दल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सात हजार नौ सौ से अधिक गांवों का दौरा किया। राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों ने प्रत्येक गांव की कृषि-जलवायु स्थितियों पर विस्तृत जानकारी एकत्र की।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के सात हजार 9 सौ से ज्यादा गांवों में हमारे वैज्ञानिक गए और वो खाली हाथ नहीं गए, उस गांव की एग्रो क्लाइमेटिक कंडिशंस क्या है और उस कडीशंस पर गांव में जो माटी है उसमें पोषक तत्व कौन से हैं, उनको ध्यान में रखते हुए वहां कौन सी फसल उगाई जाए, कौन से बीज उपयुक्त रहेंगे ये जानकारी लेकर गए।

****

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में केंद्रीय युवा सशक्तिकरण मंत्रालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राजिय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। इस महाकुंभ में 20 राज्यों और 4 केंद्र शासित राज्यों से 600 युवाओं ने भाग लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवाओं का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा -

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने भी समारोह को संबोधित किया ।उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि हरियाणा में यह पहला ऐसा कार्यक्रम है जिसमें लघु भारत की छटा देखने को मिली।

****

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि अगले महीने की 26 तारीख से जींद मैडीकल कॉलेज में ओपीडी सेवाएं आरंभ हो जाएगी।

वे आज जींद में मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने और अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के निदेशक एवं जिला उपायुक्त सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री मिड्ढा ने कहा–

डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में अगले वर्ष से दाखिलों की प्रक्रिया भी आरंभ हो जाएगी ।

विधानसभा उपाध्यक्ष ने पिछले दिनों हुई आपराधिक घटनाओं के सवाल के जवाब में कहा कि अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा । उन्होंने कहा कि पिछले दिनों दर्ज 15 आपराधिक मामलों में से 13 का निपटान कर दिया गया है। और ज्यादातर आपराधिक घटनाओं की वजह व्यक्तिगत रंजिश रही है।

****

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कल व परसों ली जाने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा -सीईटी को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।
हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सभी जिलों में पुलिस के उच्च अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं ।
पुलिस महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा के दिन सभी परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 बीएनएसएस लगाई जाएगी। सभी जिला पुलिस कल स्वयं गश्त पर निकलेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि भर्ती परीक्षा निष्पक्ष व बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो।
पानीपत, फरीदाबाद, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, अंबाला, जींद व अन्य जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जिला उपायुक्तों ने परीक्षा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे।
****

हरियाणा में पहली बार 25 फीसदी भूमि में पोटेशियम की कमी पाई गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि यह चिंता का विषय है क्योंकि हरियाणा पोटेशियम की कमी वाला राज्य नहीं रहा है।

हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश तोमर ने बताया -

डॉक्टर दिनेश तोमर ने कहा कि अब किसानों को यूरिया और डीएपी खाद के अलावा खेतों में पोटाश की कमी को दूर करने के लिए एमओपी डालने की सलाह दी जा रही है।

उन्होंने किसानों को सलाह दी वे तीन साल में एक बार अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं ।